## हरियाणा HTET (2014-15) Paper

## भाग - I (बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र)

**निर्देश: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सबसे उचित विकल्प चुनिए।**

**1. सामान्य परिपक्वता से पहले प्रशिक्षित करना प्राय:**
(A) सामान्य कौशलों के निष्पादन के संदर्भ में होता है। बहुत लाभकारी
(B) दीर्घकालिक दृष्टिकोण से लाभकारी होता है
**(C) सभी दृष्टिकोण से हानिकारक होता है।**
(D) प्रशिक्षण हेतु उपयोग में ली गई विधि पर निर्भर करते हुए लाभकारी या हानिकारक होता है।

**2. बाल्यकाल होता है:**
(A) जन्म से लेकर 3 वर्ष की आयु तक
(B) तीसरे वर्ष से लेकर 6 वर्ष की आयु तक
(C) छठे वर्ष से लेकर 12 वर्ष की आयु तक
**(D) दूसरे वर्ष से लेकर 10 या 12 वर्ष की आयु तक**

**3. विद्यार्थियों को विद्यालय में खेल क्यों खेलने चाहिए?**
(A) यह उन्हें शारीरिक रूप से सशक्त बनाएगा।
(B) यह शिक्षकों का काम आसान करेगा।
(C) यह समय बिताने में सहायक होगा।
**(D) यह सहयोग एवं शारीरिक संतुलन का विकास करेगा।**

**4. निम्नलिखित में से अधिगम संबंधी कौन-सा कथन सही नहीं है?**
(A) इसे उचित वातावरण चाहिए।
**(B) परिपक्वता का इससे कोई संबंध नहीं है।**
(C) सहायक सामग्री अधिगम में मदद करती है।
(D) अधिगम प्रक्रिया में अभिप्रेरणा महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**5. शिक्षा बच्चों की सहायक होती है, उनके:**
(A) शारीरिक विकास में
(B) केवल मानसिक विकास में
**(C) सर्वांगीण विकास में**
(D) केवल चरित्र विकास में

**6. शिक्षण सबसे अधिक प्रभावी होता है जब:**
(A) विद्यार्थी विषय में रुचि लेते हैं।
(B) शिक्षक को विषय का गहन ज्ञान हो।
**(C) विद्यार्थियों को उनके मानसिक स्तर के अनुरूप शिक्षा दी जाए।**
(D) एक ही विषय-वस्तु को बार-बार दोहराया जाए।

**7. एक बालक कक्षा में सीखे गए गणित का उपयोग किसी अन्य विषय के प्रश्न को हल करने में करता है, तो यह है:**
**(A) अधिगम का सकारात्मक स्थानांतरण**
(B) अधिगम का शून्य स्थानांतरण
(C) अधिगम का नकारात्मक स्थानांतरण
(D) प्रेरणात्मक स्थानांतरण

**8. निम्नलिखित में से कौन-सा कारक बच्चे के संवेगात्मक विकास को सबसे कम प्रभावित करने वाला है?**
(A) परिवार
(B) आर्थिक स्थिति
(C) स्वास्थ्य
**(D) खेलकूद**

**9. कोहलबर्ग के अनुसार वह स्तर जिसमें बालक की नैतिकता दंड के भय से नियंत्रित रहती है, कहलाता (ती) है:**
(A) पूर्व-नैतिक अवस्था
**(B) परम्परागत नैतिक स्तर**

(C) आत्म-स्वीकृत नैतिक अवस्था
(D) नैतिकता स्तर

**10. पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के चार चरणों में कौन-सा सम्मिलित नहीं है?**
(A) इंद्रिय गामक अवस्था
(B) पूर्व - संक्रियात्मक अवस्था
**(C) उत्तर-संक्रियात्मक अवस्था**
(D) अमूर्त संक्रियात्मक अवस्था

**11. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**
**(A) विकास और वृद्धि एक-दूसरे के पर्यायवाची हैं।**
(B) विकास एक सतत प्रक्रिया है
(C) वृद्धि विकास का ही एक भाग है।
**(D) विकास कार्यक्षमता, कार्यकुशलता और व्यवहार में आने वाले गुणात्मक परिवर्तनों को प्रकट करता है।**

**12. निम्नलिखित में से कौन-सी नैतिक आदत नहीं है?**
(A) सत्य बोलना
(B) सहानुभूति दिखाना
**(C) सही उच्चारण करना**
(D) जीवों पर दया दिखाना

**13. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प शिक्षा मनोविज्ञान की एकसीमा है?**
(A) बाल विकास की विभिन्न अवस्थाओं का ज्ञान
(B) कक्षा की समस्याओं का समाधान
(C) बालक केंद्रित शिक्षा
**(D) वैयक्तिक विभिन्नताओं की समस्या**

**14. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प अधिगम के संबंध में सही नहीं है?**
(A) अधिगम समायोजन है
**(B) अधिगम सिर्फ ज्ञान प्राप्ति है।**
(C) अधिगम विकास है
(D) अधिगम परिपक्वता है

**15. केस अध्ययन विधि के संबंध में क्या सही नहीं है?**
(A) यह एक वैज्ञानिक विधि है।
**(B) यह विधि बहुत जटिल होती है।**
(C) यह सरल और सस्ती होती है।
(D) यह कारण का पता लगाकर समस्याओं का निदान करती है।

**16. कक्षा तीन के विद्यार्थियों के लिए निम्नलिखित में से शिक्षण का सबसे अच्छा तरीका कौन-सा होगा?**
(A) प्रयोगशाला विधि
(B) समूह वार्तालाप
(C) व्याख्यान विधि
**(D) सृजनात्मक क्रियाकलाप**

**17. निम्नलिखित में से कौन-सी एक बालक की मनोगत्यात्मक गतिविधि नहीं होती?**
(A) खेलना
(B) गेंद फेंकना
(C) लिखना
**(D) सोचना**

**18. बच्चों के संज्ञानात्मक विकास को सबसे अच्छे तरीके से कहाँ परिभाषित किया जा सकता है?**
(A) खेल का मैदान
(B) घर
(C) ऑडिटोरियम
**(D) विद्यालय एवं कक्षा**

**19. बुद्धिलब्धि संबंधी विभिन्नताओं में कौन सम्मिलित नहीं है?**
(A) औसत बुद्धिमान
(B) बुद्धिमान
**(C) कला में रुचि**
(D) मंदबुद्धि

**20. निम्नलिखित में से बौद्धिक वातावरण को प्रभावित करने वाला सबसे महत्त्वपूर्ण कारक कौन-सा है?**
**(A) विद्यालय का वातावरण**
(B) परिवार का वातावरण
(C) पास-पड़ोस का वातावरण
(D) सांस्कृतिक वातावरण

## हरियाणा HTET (2014-15) Paper

**21. पियाजे के अनुसार विकास की प्रथम अवस्था (जन्म से 2 वर्ष तक) में बच्चा अधिक उपयुक्त प्रकार से जिसके द्वारा सीखता है, वह है-**

**(A) इंद्रियों के प्रयोग द्वारा**

(B) अमूर्त चिंतन द्वारा

(C) भाषा के नए सीखे शब्दों के बोध के द्वारा

(D) मूर्त चिंतन द्वारा

**22. निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में एन.सी.ई.आर.टी. मनोविज्ञान का प्रयोग कर रहा है?**

**(A) पाठ्यपुस्तकों का निर्माण**

(B) विद्यालय संगठन

(C) विषय निर्धारण

(D) वित्तीय सहायता

**23. निम्नलिखित में से किस कारक का सीखने पर सबसे कम प्रभाव पड़ता है?**

(A) थकान

(B) आयु

(C) रोग

**(D) लिंगभेद**

**24. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रश्नावली विधि का दोष नहीं है?**

(A) अच्छे प्रश्न बनाना एक कठिन कार्य है।

**(B) इस विधि से अनेक व्यक्तियों के विचार जाने जा सकते हैं।**

(C) हो सकता है कि सम्मिलित प्रश्न सुनियोजित न हों।

(D) हो सकता है कि लोग प्रश्नों के उत्तर देने में रुचि न रखते हों।

**25. निचली कक्षाओं में शिक्षण की खेल विधि जिस पर आधारित है, वह है-**

(A) शारीरिक शिक्षा कार्यक्रम

(B) शिक्षण की विधियों के सिद्धांत

**(C) विकास और वृद्धि के मनोवैज्ञानिक सिद्धांत**

(D) शिक्षण के समाजशास्त्रीय सिद्धांत

**26. निम्नलिखित में से कौन-सा लक्षण बहिर्मुखी व्यक्तित्व का नहीं है?**

(A) मिलनसार

(B) नेतृत्व शक्ति

(C) आक्रामक स्वभाव

**(D) दिवास्वप्न देखनेवाला**

**27. निम्नलिखित में से कौन-सा बालक के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव डालने वाला कारक नहीं है?**

(A) परिवार में गरीबी

**(B) कक्षा में नींद आना**

(C) स्नेह का अभाव

(D) पारिवारिक क्लेश

**28. निम्नलिखित में से कौन-सी अभिवृत्ति की विशेषता नहीं है?**

(A) यह प्रेरणात्मक होती है।

(B) यह हमारे व्यवहार का आधार होती है।

**(C) यह अस्थायी होती है।**

(D) यह सीखी जाती है।

**29. एक बालक की संज्ञानात्मक शक्तियाँ जैसे कल्पना शक्ति, बुद्धि, निर्णय लेने की क्षमता, आदि का संबंध है बालक के:**

(A) शारीरिक विकास से

(B) सामाजिक विकास से

(C) सर्वांगीण विकास से

**(D) मानसिक विकास से**

**30. उपचारात्मक विधि का प्रयोग जिनके लिए किया जाता है, वे हैं:**

(A) सामान्य बच्चे

(B) समस्यात्मक बच्चे

(C) सामान्य तथा समस्यात्मक बच्चे

**(D) प्रतिभाशाली बच्चे**


Join us on Telegram | Follow us on Instagram | Like us on Facebook | Follow us on Twitter | Subcribe to Our You Tube
Naukri Aspirant सपनों को दें उड़ान

## हरियाणा HTET (2014-15) Paper

# भाग - II (भाषा : हिन्दी)

**निर्देश: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सबसे उचित विकल्प चुनिए।**

**31. निम्न में से 'अयोगवाह' है:**
(A) त्र
(B) आ
**(C) विसर्ग (:)**
(D) ञ

**32. निम्न में से सही विकल्प का चयन कीजिए:**
(A) श्रोत
**(B) स्रोत**
(C) स्रोत्र
(D) स्त्र

**33. 'ललना' निम्न में से पर्याय है:**
(A) गाय का
(B) कोयल का
**(C) स्त्री का**
(D) मोर का

**34. 'वह नदी में तैरने लगा, वाक्य प्रकार है:**
(A) संयुक्त वाक्य
**(B) सरल वाक्य**
(C) मिश्र वाक्य
(D) इनमें से कोई नहीं

**35. 'कलश- कुलिश' शब्द युग्म का उपयुक्त अर्थ है:**
(A) गागर - पत्थर
**(B) घड़ा - वज्र**
(C) घट - चट्टान
(D) घड़ा – बिजली

**36. 'अवर' शब्द का विलोम है:**
**(A) प्रवर**
(B) निवर
(C) ऊपर
(D) विवर

**37. निम्नांकित में 'इक' प्रत्यय से निर्मित शब्द नहीं है:**
(A) शैक्षणिक
**(B) अधिक**
(C) ऐतिहासिक
(D) नैयायिक

**38. निम्न में से बेमेल शब्द चुनिए:**
(A) ध्वजा
(B) निशान
(C) केतु
**(D) चमक**

**39. 'सफेदी' शब्द है:**
(A) जातिवाचक संज्ञा
**(B) भाववाचक संज्ञा**
(C) गुणवाचक विशेषण
(D) व्यक्तिवाचक संज्ञा

**40. 'वह पुस्तक अच्छी है' में 'वह' शब्द है:**
(A) सर्वनाम
**(B) सार्वनामिक विशेषण**
(C) निश्चित गुणवाचक विशेषण
(D) निश्चयवाचक सर्वनाम

**41. 'आसमान पर थूकना' मुहावरे का अर्थ है:**
(A) ऊपर की ओर थूकना
(B) असम्भव बातें करना
**(C) प्रतिष्ठित व्यक्ति की निंदा करना**
(D) झूठी शान दिखाना

**42. निम्न में से तत्सम है:**

Naukri Aspirant सपनों को दें उड़ान


Join us on Telegram | Follow us on Instagram | Like us on Facebook | Follow us on Twitter | Subcribe to Our You Tube

(A) वधू
(B) घी
(C) खजूर
(D) पलंग

43. निम्न में देशज शब्द है:
(A) कपास
(B) इरादा
(C) हास्य
(D) सास

44. 'आजानुबाहु' शब्द में समास है:
(A) द्वन्द्व
(B) कर्मधारय
(C) अव्ययीभाव
(D) तत्पुरुष

45. 'अहोरात्र' का संधि-विच्छेद है:
(A) अहन + रात्रि
(B) अहन् + रात्रि
(C) अहो + रात्र
(D) अहा + रात्रि

46. 'जिसे बुलाया न गया हो, उसे कहते हैं:
(A) अतिथि
(B) अनाहूत
(C) अनागत
(D) अयाचित

47. 'अक्कड़' प्रत्यय, कृत् प्रत्यय का कौन-सा प्रकार है?
(A) कर्तृवाचक
(B) कर्मवाचक
(C) करणवाचक
(D) भाववाचक

48. 'लज्जा' शब्द है:
(A) तत्सम
(B) तद्भव
(C) देशज
(D) अर्ध तत्सम

49. 'महत्त्व' का उचित संधि-विच्छेद है:
(A) महत् + त्व
(B) मह + त्व
(C) महान् + त्व
(D) महत् + व

50. अशुद्ध शब्द को चुनिए:
(A) पूज्यनीय
(B) चहारदीवारी
(C) उच्छिष्ट
(D) पारिवारिक

51. निम्नलिखित में कौन एक अन्य तीन से भिन्न है?
(A) कांता
(B) पत्नी
(C) प्रिया
(D) कांति

52. 'फिज़ूलखर्ची करना बुरी आदत है' - रेखांकित शब्द का समानार्थी चुनिए:
(A) मितव्यय
(B) अपव्यय
(C) परिव्यय
(D) उपर्युक्त सभी

53. क्रिया के मूलरूप को क्या कहते हैं?
(A) क्रियाविशेषण
(B) कारक
(C) धातु
(D) इनमें से कोई नहीं

54. 'अपन ठीक रास्ते पर हैं।' वाक्य में अशुद्धि है:
(A) वर्तनी संबंधी
(B) अव्यय संबंधी
(C) सर्वनाम संबंधी
(D) लिंग संबंधी

55. वाक्य का वह अंश जो वाक्य के उद्देश्य के विषय में बताता है, कहलाता है:


Join us on Telegram
Follow us on Instagram
Like us on Facebook
Follow us on Twitter
Subcribe to Our You Tube

**(A) विधेय**
(C) वाचक
(B) विस्तारक
(D) उपवाक्य

**निर्देश ( प्रश्न सं. 56-60): निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के सबसे उचित विकल्प को चुनिए:**

काव्य में एक पथ के पान्थ हैं तुलसीदास और दूसरे के कालिदास। तुलसी शील की छाँह में छँहाते चलते हैं, और कालिदास बिजलियों की कौंध से आँखें मिलाते चलते हैं। तुलसी में मलयज की तरह ताप निवारण की क्षमता है, कालिदास में लोहित चन्दन की तरह उन्मादन राग-विवर्धन की शक्ति है। एक तीसरा भी पन्थ हैं, केशर या हल्दी के रंग में मलयज को संसक्त करके तिलक देने वालों का रागात्मिका भक्ति के द्वारा दक्षिण और। वाम पथ के बीच सहज समाधान प्राप्त करने वालों का। इनके तिलक में बंकिमा और सादगी दोनों होती हैं। सूरदास, हितहरिवंश, व्यास आदि इसी पन्थ के प्रणेता हैं। और एक चौथा चन्दन भी है, जिसको वैष्णव जन गोपी चन्दन कहते हैं। मेरी एक परम वैष्णव चाची हैं, वे बतलाती हैं कि जिस सरोवर में गोपियों ने स्नान करके अपने प्रेष्ठ भगवान् का साक्षात्कार पाया, उस सरोवर की मिट्टी ही समर्पित गोपी के अंग से लगकर चन्दन बन गयी है। सम्भवतः जितने भी दुराव, आवरण और आत्मसंकोच आदि कृपणभाव हो सकते हैं, उन सबसे मुक्त होकर अपने को निश्शेष भाव से जो अपने सर्वश्रेष्ठ काम्य के लिए अर्पण करते हैं, तो मलयाचल की तरह अपने आश्रय मात्र को चन्दन बनाने में वे समर्थ हो ही जाते हैं। हाँ, यह गोपी चन्दन बहुत ही उच्चतर भूमिका वाले सिद्ध भक्तों के लिए ही है।

पर मैं तो यह मानता हूँ कि चन्दन जो भी हो, किसी रंग में भी सना हो, वह हमारी विश्वभावना का ही एक शुष्कप्राय खण्ड है, जिसे रस - सिक्त करना हमारा सतत कर्त्तव्य है। जिस किसी भी शिला का हम होरसा बनवाएँ, वह धरती पर टिकी हो, संघर्षण में वह डगमगाने वाली न हो। हम जो कोई भी जल सींच सींचकर चन्दन को आर्द्र करें; वह शुचि हो, स्वच्छ हो और अभिमन्त्रित हो। हम तिलक जो भी लगाएँ, वह अर्पित चन्दन का तिलक हो, स्वार्थ संघृष्ट न हो, सुविस्तृत विश्व को सुरभित करने से जो बचा हो, वही हम अपने सिर आँखों लें, इसी में हमारी भव्य परम्परा की अभिवृद्धि और हम सभी के अन्तःकरणों का सौमनस्य सन्निहित है। तत्त्वतः हमीं चन्दन हैं, हमीं पानी हैं, हमीं होरसा हैं, हमीं कटोरी हैं जिसमें चन्दन रखा जाता है। हमीं अर्चनीय देवता हैं और हमीं अर्चक भक्त हैं; पर यह हमारा विस्तार बोध भी तभी जगता है, जब हम प्रभु को चन्दन और अपने को पानी मानकर चलते हैं। उदात्त रूपों का आकार सामने रखकर उनसे उनका सार ग्रहण करते हुए जीवन में उतारना है, यह ध्येय सामने रखकर चलते हैं और जो भी उदात्त गुण हम अर्जित करते हैं, उनको विश्वहित में विनियोजित करने का संकल्प लेकर चलते हैं।

**56. 'मलयज' का अर्थ है:**
(A) मलय पर्वत की वायु
**(B) चन्दन**
(C) कामदेव
(D) शीतलता

**57. कालिदास की काव्य-क्षमता तुलनीय है:**
(A) राग -विवर्धन से
(B) मलयज से
**(C) लोहित चन्दन से**
(D) ताप निवारण से

**58. सूरदास के साहित्य की विशेषता है:**
(A) रागात्मिक भक्ति
(B) बंकिमा और सादगी
(C) दक्षिण और वाम का मध्यम मार्ग
**(D) उपर्युक्त सभी**

**59. मलयाचल की तुलना की गई है:**


Join us on Telegram
Follow us on Instagram
Like us on Facebook
Follow us on Twitter
Subcribe to Our You Tube

(A) वैष्णवों से
(B) सरोवर से
**(C) निश्शेष भाव से अर्पण करने वालों से**
(D) भगवान का साक्षात्कार पाने वालों से

**60. विस्तार भाव जगता है।**

**(A) प्रभु को चन्दन और अपने को पानी मानने से**
(B) ध्येय को सामने रखने से
(C) वैष्णव भक्ति से
(D) रस - सिक्त होने से

## भाग - III (Language : English)

**Directions : Answer the following questions by selecting the most appropriate option.**

**61. Choose the appropriate preposition for the blank:**
**'I shall come back ............ 7 O'clock.'**
(A) in
(B) to
**(C) at**
(D) for

**62. The word 'Kindergarten' is a German word meaning**
(A) beautiful garden
(B) lovely garden
(C) small garden
**(D) children's garden**

**63. According to you, how can grammar be best taught to students?**
(A) By giving more and more written exercises
(B) By giving clear explanation
(C) By memorising definitions, rules
**(D) By giving practice in context**

**64. Choose the appropriate article for the blank :**
**'A gentleman came to school to see ............ Principal.'**
(A) a
**(B) the**
(C) an
(D) zero article

**65. It is rightly said that a teacher always keeps on learning.**
**A teacher learns from**
(A) Books
(B) Friends/Colleagues
(C) Students
**(D) All of the above**

**66. According to you, what type of atmosphere is required for learning?**
(A) Social
(B) Noisy
(C) Adverse
**(D) Quiet**

**67. The captain said to the soldiers, "You will guard this bridge."**
**Here the captain**
(A) requests
**(B) orders**

(C) advices
(D) invites

**68. During the British rule in India, who played the most significant role in making English as a medium of education?**
**(A) Macaulay**
(B) Dalhousie
(C) Curzon
(D) William Bentinck

**69. Choose the most appropriate option for the blank:**
**'There is hardly ............ time left for the bus.'**
**(A) any**
(B) much
(C) more
(D) most

**70. Fill in the blank with the correct option in given sentence:**
**"I paid the bill but the cashier did not give the .................. ."**
**(A) receipt**
(B) receive
(C) receiving
(D) received

**71. Which word of the given words is an adjective?**
(A) Wisdom
(B) Truth
**(C) Intelligent**
(D) Youth

**72. The synonym of 'Courteous' is:**
(A) impolite
(B) kind
**(C) polite**
(D) kindness

**73. Complete the sentence with the correct option:**
**"My brother goes for a walk daily. He walks very .............. ."**
**(A) fast**
(B) quick
(C) slow
(D) fastly

**74. Choose a suitable pronoun for the blank, from the options given:**
**"Heena and Teena own a house. ......... house is beautifully built."**
(A) His
(B) Her
(C) Theirs
**(D) Their**

**75. He said to Mohan, "Help me, please." In reported speech the above sentence will be:**
**(A) He requested Mohan to help him.**
(B) He suggested Mohan to help him.
(C) He ordered Mohan for help.
(D) He thanked Mohan for his help.

**Directions (Q. No. 76 to 82): Read the following passage carefully and answer the questions strictly from the passage.**

Forget goodwill and equality when it comes to our friendship. Research has shown that when it comes to picking friends, we feel most comfortable in the company of people who we


Join us on Telegram
Follow us on Instagram
Like us on Facebook
Follow us on Twitter
Subcribe to Our You Tube

think are on the same level as us socially or even slightly below us. It doesn't matter how well you're doing as long as you believe you are better off than your friends and neighbours you find your life more fulfilling. This new research might come as a shock to many, but if we are completely honest with ourselves, we would realise that we have felt slightly threatened by a friend's success sometime or the other. Even with past friendships, the real reason could be that at some point, one of you may have felt a bit superior or inferior to the other. Even if we don't spell it out, most friendships have a lot going on below the surface. As much as we may try to deny it or pretend otherwise, most of us are easily impressed by a great job, a large bank account or rising social status when it comes to picking a partner, or friends. In both cases, we want people who are there for us and reinforce our own self-worth. So, more often than not, the question that is running through our heads is, how can we choose a good friend, if we were not as good ourselves? But it's not all about the outward trappings. Very often, it is the emotional bit that is relevant. For instance, a woman losing vast amounts of weight may get not very complimentary feedback from close friends, no matter how fabulous she looks. She could be accused of being too thin or even arrogant suddenly. What has happened basically is that as her friendship status has gone up, she is forcing her friends to re-evaluate theirs.

**76. When we choose friends, we don't pay attention to:**

(A) their mental level

(B) financial status

**(C) goodwill or equality**

(D) superiority

**77. We become jealous of our friend's success because:**

(A) we can't accept a challenge

**(B) we feel threatened by their success**

(C) they have a higher status

(D) we are incapable of achieving success

**78. We attach more importance to the rising status of our friends because:**

(A) of their higher financial status

(B) of their respect in society

**(C) it reinforces our own self-worth**

(D) of their reflected glory

**79. A fat woman who has lost weight may not get good compliments from her friends because:**

**(A) her friendship status has suddenly gone up that forces them to re-evaluate their own status**

(B) she looks more beautiful than the others

(C) she has become arrogant

(D) she has challenged their beauty

**80. We feel comfortable in the company of friends who:**

(A) are less beautiful

**(B) are of similar or a little lower social standing**

(C) enjoy better reputation in the society

(D) are polite and well mannered


Join us on Telegram
Follow us on Instagram
Like us on Facebook
Follow us on Twitter
Subcribe to Our You Tube

## हरियाणा HTET (2014-15) Paper

**81. We wish to be re-evaluated when:**

(A) we are in a financial crisis

(B) we are in distress

**(C) our status is better off**

(D) we have so many friends

**82. The word 'arrogant' in the passage means:**

(A) Youthful

(B) Morose

**(C) Proud and unpleasant**

(D) Resentful

**83. In making classroom teaching effective, the most important part is:**

(A) Lesson plan

(B) Study material

**(C) Teaching method**

(D) Teacher's personality

**84. The word opposite in meaning to 'innocent' is:**

**(A) guilty**

(B) clever

(C) smart

(D) ignorant

**85. Choose the correct option of the given jumbled words:**

**art / study / do / ? / you**

(A) You study art do?

(B) You do art study?

**(C) Do you study art?**

(D) You do study art?

**86. Choose the word which has a different sound (underlined in the beginning):**

(A) Cheque

(B) Chain

(C) Check

**(D) Chemistry**

**87. The Montessori system of teaching focuses on**

**(A) the child**

(B) the teacher

(C) the textbook

(D) the study material

**88. Fill in the blank with the correct form of verb given in brackets from the options :**

**The train ............... (leave) before he reached the station.**

(A) left

**(B) had left**

(C) was leaving

(D) had been leaving

**89. Identify the word which has a different sound (underlined in the last)**

(A) tough

(B) laugh

**(C) high**

(D) rough

**90. 'Kavita is a beautiful girl.'**

**The underlined word in the sentence is used as a/an**

(A) Noun

(B) Verb

**(C) Adjective**

(D) Adverb


Join us on Telegram
Follow us on Instagram
Like us on Facebook
Follow us on Twitter
Subcribe to Our You Tube

# भाग-IV (गणित)

**निर्देश: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सबसे उचित विकल्प चुनिए।**

**91. सबसे छोटी वर्ग संख्या ज्ञात कीजिए जो प्रत्येक संख्या 6, 9 और 15 से विभाजित हो जाए:**

(A) 225
**(B) 900**
(C) 450
(D) 36

**92. एक खिलौना कार का विक्रय मूल्य ₹540 था। एक दुकानदार ने उसे 20% लाभ पर बेचा। खिलौने का क्रय मूल्य क्या था?**

(A) ₹ 385
(B) ₹ 375
(C) ₹ 350
**(D) ₹ 450**

**93. $\left(\frac{1}{64}\right)^{-5/6}$ का मान होगा:**

(A) 8
(B) 16
**(C) 32**
(D) 1/32

**94. एक समचतुर्भुज का क्षेत्रफल 240 वर्ग सेमी है और विकर्णों में से एक की लंबाई 16 सेमी है। दूसरा विकर्ण ज्ञात कीजिए:**

(A) 20 सेमी
**(B) 30 सेमी**
(C) 25 सेमी
(D) 15 सेमी

**95. m का मान ज्ञात कीजिए ताकि:**
$(-3)^{m+1} \times (-3)^5 = (-3)^7$

(A) 4
(B) 2
**(C) 1**
(D) 0

**96. 105 लिफाफों का मूल्य ₹ 35 है। ₹ 10 में कितने लिफाफे खरीदे जा सकते हैं?**

**(A) 30**
(B) 24
(C) 32
(D) 27

**97. समीर की माँ की वर्तमान आयु समीर की वर्तमान आयु की तीन गुनी है। 5 वर्ष बाद उन दोनों की आयु का योग 66 वर्ष हो जाएगा। समीर की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए:**

**(A) 14 वर्ष**
(B) 16 वर्ष
(C) 12 वर्ष
(D) 15 वर्ष

**98. यदि $\frac{x}{y} = \frac{5}{3}$ तो $\frac{x+y}{x-y}$ का मान है:**

**(A) 4**
(B) 2
(C) -2
(D) -4

**99. किसी संख्या के तिगुने और 11 का योग 32 है वह संख्या ज्ञात कीजिए:**

(A) 5
**(B) 7**
(C) 11
(D) 9


Join us on Telegram
Follow us on Instagram
Like us on Facebook
Follow us on Twitter
Subcribe to Our You Tube

**100. वह सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए जिसे 12, 16, 24 और 36 से भाग देने पर प्रत्येक दशा में 7 शेष रहता है:**
(A) 144
**(B) 151**
(C) 165
(D) 148

**101. एक सम बहुभुज की भुजाओं की संख्या ज्ञात कीजिए जिसके प्रत्येक बाह्य कोण की माप 45° है:**
**(A) 8**
(B) 10
(C) 6
(D) 4

**102. 13824 का घनमूल ज्ञात कीजिए:**
(A) 17
(B) 18
(C) 28
**(D) 24**

**103. एक समकोण त्रिभुज की दो छोटी भुजाओं का माप 8 सेमी तथा 6 सेमी है। इसकी तीसरी भुजा का माप होगा:**
(A) 14 सेमी
(B) 9 सेमी
**(C) 10 सेमी**
(D) 100 सेमी

**104. ₹ 4,500 के ऋण पर 2 वर्ष बाद मनोहर ₹ 750 साधारण ब्याज देता है। ब्याज की दर प्रतिशत ज्ञात कीजिए:**
(A) 8%
**(B) $8\frac{1}{3}\%$**
(C) 9%
(D) $9\frac{2}{3}\%$

**105. मेरी कार 25 लीटर पेट्रोल में 150 किमी की दूरी तय कर सकती है। 30 लीटर पेट्रोल में यह कितनी दूरी तय कर सकेगी?**
(A) 205 किमी
(B) 195 किमी
**(C) 180 किमी**
(D) 175 किमी

**106. 18, 35, 10, 42, 21 की माध्यिका होगी:**
(A) 18
(B) 10
**(C) 21**
(D) 5

**107. $2^3 \times a^3 \times 5a^4$ का मान होगा:**
(A) $10a^{10}$
(B) 40a
**(C) $40a^7$**
(D) $40a^{12}$

**108. सोहन ने एक पुराना रेफ्रिजरेटर ₹ 2,500 में खरीदा। उसने ₹ 500 उसकी मरम्मत पर खर्च किए और ₹ 3,300 में बेच दिया। उसका लाभ अथवा हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए:**
(A) 15% हानि
(B) 10% हानि
(C) 12% लाभ
**(D) 10% लाभ**

**109. एक छात्रावास में 100 विद्यार्थी हैं और उनके भोजन की सामग्री 20 दिन के लिए पर्याप्त है। यदि इस छात्रावास में 25 विद्यार्थी और आ जाएँ, तो यह भोजन सामग्री कितने दिन चलेगी?**
**(A) 16 दिन**
(B) 20 दिन
(C) 26 दिन
(D) 12 दिन

**110. यदि किसी संख्या का 2/3 भाग उसी संख्या के 3/5 भाग से 4 अधिक हो, तो वह संख्या ज्ञात करें:**
(A) 30
(B) 40


Join us on Telegram
Follow us on Instagram
Like us on Facebook
Follow us on Twitter
Subcribe to Our You Tube

(C) 60
(D) 20

**111. संख्याओं 5, 7, 9, 12, 10, 15, 7, 8, 7, 25 का बहुलक क्या होगा?**
(A) 5
(B) 7
(C) 9
(D) 12

**112. एक ऐसे बेलन की ऊँचाई ज्ञात कीजिए जिसकी त्रिज्या 7 सेमी और कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल 968 वर्ग सेमी है:**
**(A) 15 सेमी**
(B) 16 सेमी
(C) 12 सेमी
(D) 20 सेमी

**113. 25% छूट दिये जाने पर राहुल ने एक स्वेटर खरीदा और ₹ 20 बचाए छूट से पहले स्वेटर का क्या मूल्य था?**
**(A) ₹ 80**
(B) ₹ 90
(C) ₹ 75
(D) ₹ 95

**114. ₹ 840 अंकित मूल्य वाली एक वस्तु ₹ 714 में बेची जाती है। बट्टा प्रतिशत कितना है?**
(A) 20%
(B) 22%
**(C) 15%**
(D) 25%

**115. यदि 3p + 7 = 25 हो, तो p का मान होगा:**
**(A) 6**
(B) 32
(C) 28
(D) 9

**116. 250 मी. लंबाई और 175 मी. चौड़ाई वाले आयताकार बगीचे के चारों ओर बाड़ लगाने का व्यय ₹ 12 प्रति मीटर की दर से ज्ञात कीजिए:**
(A) ₹ 5,100
**(B) ₹ 10,200**
(C) ₹ 3,000
(D) ₹ 4,200

**117. एक वर्ग और एक आयत का क्षेत्रफल समान है। यदि वर्ग की भुजा 40 सेमी हो और आयत की चौड़ाई 25 सेमी हो, तो आयत की लंबाई ज्ञात कीजिए:**
(A) 81 सेमी
(B) 65 सेमी
**(C) 64 सेमी**
(D) 74 सेमी

**118. किन्हीं दो संख्याओं का अनुपात 3 : 4 है तथा उनका योग 420 है। इनमें बड़ी संख्या है:**
(A) 175
(B) 200
**(C) 240**
(D) 315

**119. रवि, राजू तथा राम में ₹ 250 इस प्रकार बाँटे गए कि रवि को दो भाग, राजू को तीन भाग तथा राम को पाँच भाग मिले। इस बँटवारे में राम को कितना धन मिला?**
(A) ₹ 75
(B) ₹ 125
(C) ₹ 100
(D) ₹ 95

**120. रैखिक समीकरणों 3x + 2y = 4 तथा 8x + 5y = 9 का हल है:**
(A) x = 2, y = 5
(B) x = -2, y = 5
(C) x = 5, y = 2
(D) x = -5, y = -2


Join us on Telegram
Follow us on Instagram
Like us on Facebook
Follow us on Twitter
Subcribe to Our You Tube

## भाग-IV (पर्यावरण अध्ययन)

**निर्देश: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सबसे उचित विकल्प चुनिए।**

**121. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-से पर्यावरणीय मुद्दे हैं?**

**(i) जल संरक्षण**

**(ii) कचरा निस्तारण**

**(iii) जनसंख्या वृद्धि**

(A) (i) और (ii)
(B) (i)
(C) (ii) और (iii)
**(D) (i), (ii) और (iii)**

**122. प्रायद्वीप क्षेत्र में निम्नलिखित राज्य सम्मिलित हैं:**

(A) उड़ीसा, छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश
**(B) तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश**
(C) पश्चिमी बंगाल, उड़ीसा और आंध्र प्रदेश
(D) महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा

**123. ई.वी.एस. एकीकरण है:**

(A) पारिस्थितिकी, विषाणुविज्ञान और विज्ञान का
(B) विज्ञान और सामाजिक अध्ययन का
**(C) विज्ञान, सामाजिक अध्ययन और पर्यावरण शिक्षा का**
(D) पर्यावरण विज्ञान और सामाजिक अध्ययन का

**124. अशुद्ध जल को शोधित किया जाता है:**

(A) अवांछित रसायन हटाकर
(B) जैविक संदूषक हटाकर
(C) गैसों को हटाकर
**(D) उपरोक्त सभी**

**125. निम्नलिखित में से कौन हमारे पर्यावरण के अपघटन के लिए उत्तरदायी नहीं है?**

(A) ठोस अवशिष्ट फेंकना
(B) वनोन्मूलन
**(C) वनरोपण**
(D) जीवाश्मी ईंधन का उपयोग

**126. रमन को उसके पड़ोसी ने चार किलो आँवला उपहार में दिए। वह मुरब्बा बनाने की योजना बनाता है। उसे किस तकनीक को अपनाने की जरूरत है?**

(A) संरक्षण
**(B) परिरक्षण**
(C) अपघटन
(D) पास्चुरीकरण

**127. पृथ्वी पर ऊर्जा का चरम स्रोत है:**

(A) पवन
**(B) सूर्य**
(C) पौधे
(D) जानवर

**128. काँटेनुमा पत्तियों को दर्शाकर एक शिक्षक किस प्रकार के पौधों के बारे में पढ़ा रहा है?**

(A) स्थलीय
(B) जलीय
(C) उभयधर्मी
**(D) मरुस्थलीय**

**129. निम्नलिखित में से कौन सा पक्षी स्वयं के नीड़ का निर्माण नहीं करता है?**

(A) कौआ
**(B) कोयल**
(C) गौरैया
(D) बुलबुल

**130. निम्नलिखित में से कौन-सा महासागर ऑस्ट्रेलिया के पश्चिम और अफ्रीका के पूर्व में स्थित है?**

(A) प्रशान्त महासागर
**(B) हिन्द महासागर**
(C) अटलांटिक महासागर
(D) दक्षिणी महासागर

**131. 'रेशम' की रासायनिक प्रकृति है।**
(A) कार्बोहाइड्रेट
(B) वसा
**(C) प्रोटीन**
(D) वसीय अम्ल

**132. निम्नलिखित पौधों में से कौन-सा 'वृक्ष' का उदाहरण है?**
**(A) बरगद**
(B) गुलाब
(C) मेंहदी
(D) तुलसी

**133. कौन-सी प्राकृतिक आपदा नहीं है?**
(A) भूकंप
**(B) शार्ट सर्किट से लगी आग**
(C) सुनामी
(D) चक्रवात

**134. किस सिंचाई प्रणाली से सर्वाधिक जल संरक्षण होता है।**
(A) चढ़स
(B) ट्यूब-वेल
**(C) बूँद सिंचाई**
(D) फव्वारा

**135. वायु प्रदूषण से नहीं होते हैं:**
**(A) पाचनतंत्र से सम्बन्धित रोग**
(B) कैन्सर
(C) श्वसन सम्बन्धी रोग
(D) इमारतों का क्षय

**136. प्रकाश संश्लेषण क्रिया में पादपों द्वारा वातावरण से कौन-सी गैस अवशोषित की जाती है?**
(A) ऑक्सीजन
(B) नाइट्रोजन
**(C) कार्बन डाइऑक्साइड**
(D) जल वाष्प

**137. कीटभक्षी पादप जिस मृदा पर उगते हैं, उसमें कौन-सा तत्व नहीं होता?**
**(A) नाइट्रोजन**
(B) कार्बन
(C) सल्फर
(D) पोटेशियम

**138. आप बालकों के साथ चना अंकुरण की गतिविधि करते हैं जिसमें प्रत्येक बालक भिन्न-भिन्न परिस्थितियों में अंकुरण का प्रयास करता है:**
**(1) केवल हवा में**
**(2) हवा और पानी में**
**(3) पानी में पूरी तरह डुबाकर**
**बालक प्राप्त परिणामों को अपनी कॉपियों में अंकित करते हैं, विश्लेषण करते हैं और निष्कर्षित करते हैं कि अंकुरण के लिए पानी और हवा दोनों आवश्यक हैं। इस गतिविधि में निम्नलिखित में से किस कौशल से बालकों का परिचय नहीं होता?**
(A) अवलोकन
(B) वर्गीकरण
(C) उन्नतीकरण
**(D) तार्किकता**

**139. निम्नलिखित में से कौन-सी खाद्य श्रृंखला घासीय मैदान की नहीं है?**
(A) कीट, मेंढक, साँप
(B) खरगोश, लोमड़ी, शेर
**(C) प्लावक, मछली, व्हेल**
(D) चूहा, साँप, गिद्ध

**140. निम्नलिखित में से किस वनस्पति के बीज हम खाते हैं?**


Join us on Telegram
Follow us on Instagram
Like us on Facebook
Follow us on Twitter
Subcribe to Our You Tube

(A) गाजर
(B) मक्का
(C) केला
**(D) मूँगफली**

**141. निम्नलिखित में से कौन-सा जल को असंक्रमित करने में सहायक नहीं है?**
**(A) निस्यन्दन (छानना)**
(B) क्लोरीन गोलियाँ
(C) फिटकरी
(D) उबालना

**142. 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया जाता है:**
**(A) 5 जून को**
(B) 1 मई को
(C) 21 जून को
(D) 7 अक्टूबर को

**143. पर्यावरणीय अध्ययन का उद्देश्य है:**
(A) स्थानीय पर्यावरण पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति समझ उत्पन्न करना
(B) वैश्विक पर्यावरण / पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति समझ उत्पन्न करना
(C) पर्यावरण के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण उत्पन्न करना
**(D) उपरोक्त सभी**

**144. प्राकृतिक संसाधन होते हैं:**
(A) जल
(B) खनिज
(C) लकड़ी
**(D) उपरोक्त सभी**

**145. निम्नलिखित में से कौन-सा ऊर्जा का वैकल्पिक स्रोत है?**
(A) लीथियम बैटरियाँ
(B) सोडियम लैम्प
**(C) जल ऊर्जा**
(D) एल.ई.डी.

**146. निम्नलिखित में से कौन-से पक्षी के नर व मादा दिखने में समान होते हैं?**
**(A) बुलबुल**
(B) कोयल
(C) गौरैया
(D) मधुखो

**147. निम्नलिखित में से विषम को चयनित कीजिए :**
(A) सौर ऊर्जा
(B) पवन ऊर्जा
(C) ज्वारीय ऊर्जा
**(D) प्राकृतिक गैस**

**148. निम्नलिखित में से कौन-सी खुराक में प्रोटीन आधिक्य में नहीं है?**
(A) पनीर
(B) दालें
**(C) शुद्ध घी**
(D) मांस

**149. श्रमिक मधुमक्खी अन्य मक्खियों को भोजन के स्रोत की दिशा ज्ञात कराती है**
(A) भिनभिना कर
**(B) नृत्य के द्वारा**
(C) रासायनिक संकेतन द्वारा
(D) स्पर्श द्वारा

**150. ग्रामीण क्षेत्र में गोबर का प्रयोग झोपड़ी की दीवारों एवं फर्श को लीपने के लिए किया जाता है, जिससे:**
(A) वे चिकनी रहें
(B) घर्षण हेतु खुरदरी हो जाएँ
(C) दीवारों एवं फर्श का प्राकृतिक रंग हो
**(D) कीट दूर रहें**


Join us on Telegram | Follow us on Instagram | Like us on Facebook | Follow us on Twitter | Subcribe to Our You Tube

Naukri Aspirant
सपनों को दें उड़ान